सुविचार
फिर से प्रयास करने से कभी मत घबराना क्योंकि, इस बार शुरुआत शून्य से नहीं अनुभव से होगी!

साप्ताहिक
युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS
FREEDOM OF SPEECH
जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक- 24 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 19 जुलाई 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

# अपराध के साक्ष्य को नष्ट करना या विलोपित करना कब अपराध होगा जानिए/legal advice........

जब कोई व्यक्ति अपराध करता है तो उसके मित्र या नातेदार उसे बचाने का हर संभव प्रयास करते हैं ताकि उसे दण्ड से बचा सके जैसे कि ब्रिज किशोर बनाम उत्तर प्रदेश राज्य मामले में ससुर ने अपनी पुत्र वधु की आत्महत्या की झूठी रिपोर्ट दर्ज करवा दी वास्तव मे बहु की हत्या की गई थी जैसे मामले मे आरोपी को किस कानून के अंतर्गत दण्डित किया जाएगा जानिए

**भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 238 एवं भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 201 की परिभाषा ??**



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)
9827737665

यदि कोई व्यक्ति किसी अपराध के होने के साक्ष्य को नष्ट करता या आरोपी को अपराध से बचाने के लिए उसका साथ देता है या साक्ष्यों को, तथ्यों को नष्ट करता है या छिपाता है तब ऐसा व्यक्ति BNS की धारा 238 एवं IPC की धारा 201 के अंतर्गत दोषी होगा

**इस अपराध के होने के अवश्यक तत्व निम्न है-**

1. कोई अपराध हुआ होना चाहिए
2. आरोपी यह जानता है कि अपराध हुआ था और उसे इसका पर्याप्त कारण भी मालूम था
3. अगर के तथ्यों के बारे में पता होने के बाद भी झूठी जानकारी दी है
4. आरोपी ने अपराध के साक्ष्यों को गायब किया हो या नष्ट किया हो

Bharatiya Nyaya Sanhita Section wx} or Indian Penal Code Section w®v Provision of punishment

यह अपराध संज्ञेय एवं असंज्ञेय दोनों प्रकार के होते हैं एवं यह जमानतीय अपराध होते हैं , अर्थात  पुलिस थाने में इस अपराध की एफआईआर भी दर्ज हो सकती है एवं इस अपराध के लिए परिवाद भी न्यायालय में लगाया जा सकता है।

**सजा-** इस धारा के अपराध के दंड को तीन भागों में बांटा गया है -

1. ऐसे अपराध के साक्ष्यों को नष्ट किया है जिस अपराध को सजा मृत्यु दण्ड है तब आरोपी को  सात वर्ष की कारावास और जुर्माने से दण्डित किया जाएगा। यह अपराध संज्ञेय एवं असंज्ञेय दोनों प्रकार का होगा एवं इस अपराध की सुनवाई सेशन कोर्ट द्वारा होगी।
2. अगर आजीवन कारावास से 10 वर्ष से दण्डित अपराध को जानकारी को विलोपित किया है या नष्ट किया है तब आरोपी को तीन वर्ष को कारावास और जुर्माने से दण्डित किया जाएगा।  एक यह अपराध असंज्ञेय होगा एवं मामले की सुनवाई प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट द्वारा की जाती है।
3. यदि अपराध 10 वर्ष से कम का है तब आरोपी को उस अपराध की अधिकतम सजा के एक चौथाई भाग से दण्डित किया जाएगा।  यह अपराध असंज्ञेय होगा एवं मामले की सुनवाई उसी न्यायालय में होगी जहा पहले का कोई अपराध विचारणीय है।

# मध्यप्रदेश में सेठ-साहूकार किसान की भूमि का अधिकतम कितना ब्याज ले सकते हैं जानिए/transfer rights

प्राचीन काल से ही चला आ रहा है जब किसी छोटे किसानों को कुछ पैसों की आवश्यकता होती है तो वह अपनी कृषि भूमि किसी सेठ या साहूकारों को गिरवी रख देते थे ओर कृषि भूमि के बदले में कर्ज ले लेते थे जब कर्ज नहीं दे पाते थे तो सेठ-साहूकार उनकी भूमि पर कब्जा कर लेता था यह परंपरा आज भी बहुत से स्थान पर चल रही है। लेकिन मध्यप्रदेश भू राजस्व संहिता,1959 में उन छोटे किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण कानून बना है जानिए।



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)
9827737665

**मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता,1959 की धारा 165 की उपधारा 04 की परिभाषा:** जहाँ कोई भूमिस्वामी की संपत्ति जो भोगबन्धक से अलग किसी विलेख पर बंधक हैं ऐसा बंधककर्ता बन्धकदार से मूल धन से अधिकतम कुल आधे से अधिक ब्याज नहीं ले सकता है सामान्य भाषा मे कहे तो अगर कोई किसान किसी सेठ के पास अपनी जमीन गिरबी रखकर एक लाख रुपए 15त्न सालाना ब्याज पर उधार लेता और 10 वर्षों बाद ब्याज एक लाख ,पचास हजार रुपए ब्याज ही ब्याज हो जाता है। तब किसान मात्र सेठ को अधिकतम 50 हज़ार ही रुपये देगा न की एक लाख,पचास हजार एवं किसान की जमीन सेठ कभी नहीं बेच सकता है न ही उसका नामांतरण करवा सकता है ऐसा नामांतरण शून्य होगा।

# बीजपी मुख्यालय पहुंचे पीएम मोदी, कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उनके प्रयासों की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने इसके साथ ही लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। सूत्रों ने बताया कि मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के काम की सराहना की और बीते दशकों में पार्टी की सफल यात्रा के बारे में बात की। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर कहा, ÷आज, प्रधानमंत्री मोदी हमारे कर्मचारियों से मिलने भाजपा मुख्यालय आए, जिनमें से कई दशकों से पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने पार्टी को 2 सीटों से 303 तक बढ़ते देखा है, जब हमारे पास सिर्फ एक एंबेसडर कार थी और अब गाड़ियों का एक बेड़ा है।÷ मालवीय ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा कार्यकर्ताओं को पहचानना उनके लिए एक भावनात्मक क्षण था। इससे पहले, भाजपा मुख्यालय पहुंचने पर भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मोदी का स्वागत किया। उन्होंने 2019 की चुनावी जीत के बाद भी इसी तरह पार्टी कार्यालय के कर्मचारियों से मुलाकात की थी और उनसे संवाद किया था। चुनाव के दौरान बिना छुट्टी के काम करने पर पीएम मोदी ने दी धन्यवाद पार्टी कर्मचारियों के साथ संवाद के दौरान मोदी ने अपने पुराने दिनों को याद किया। वह लंबे समय तक गुजरात से लेकर पार्टी के राष्ट्रीय संगठन में भी विभिन्न पदों पर काम कर चुके हैं। उन्होंने पार्टी की राष्ट्रीय टीम में काम करने के दौरान अपने कई दोस्तों का भी ज़िक्र किया। उन्होंने बताया कि वे भी भाजपा कार्यालय में कई पुराने दिनों तक रह रहे हैं और उन्ही की तरह की पार्टी के लिए भी काम कर रहे थे। मोदी ने कहा कि चुनाव के दौरान लगातार 3 महीने तक बिना किसी छुट्टी के सब कुछ ठीक करने के लिए सभी को काम करने के लिए धन्यवाद दिया जाएगा। पार्टी संगठन से उग्रता कुछ भी नहीं- पीएम मोदी मोदी ने आगे कहा कि पार्टी संगठन से उग्रता कुछ भी नहीं है। पार्टी के लिए कार्य करने वाले कार्यकर्ता इसके केंद्रों में हैं। उन्होंने खासतौर पर उन पुराने कर्मचारियों के साथ बातचीत की, जो उनके साथ केंद्रीय कार्यालय में रहकर काम कर चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी मुख्यालय के कर्मचारियों से संवाद करते हुए कहा कि हम सब एक परिवार हैं। मोदी ने पार्टी संगठन में अपने पुराने दिनों को याद करते हुए यह भी बताया कि उस समय पार्टी में कितना कम काम करना था। उन्होंने उन दिनों के दस्तावेज़ में यह भी बताया कि किस तरह से उस समुद्रतट में अभावों के बीच भी काम हुआ था। बता दें कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को झटका लगा है।



## इन राज्यों में होने वाले हैं चुनाव

इसके अलावा इस साल के अंत में और अगले साल की शुरूआत में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें झारखंड, हरियाणा और महाराष्ट्र में इसी साल के अंत तक चुनाव प्रस्तावित हैं, जबकि अगले साल फरवरी में बिहार और दिल्ली में चुनाव होंगे। दिल्ली आम आदमी पार्टी की सरकार है, जबकि झारखंड में जेएमएम गठबंधन की सरकार है। वहीं, हरियाणा में बीजेपी की सरकार है। महाराष्ट्र और बिहार में एनडीए की सरकार है।

# दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट में आई तकनीकी गड़बड़ी, रूस में हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया की फ्लाइट में तकनीकी खराबी आने के कारण रूस में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी है। एयर इंडिया ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। सोशल मीडिया एक्स पर एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट-द्व-183 को तकनीकी कारणों से रूस के क्रास्नोयार्स्क इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर डायवर्ट कर दिया गया है। विमान सुरक्षित रूप से उतर गया है और हम संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मेहमानों का ख्याल रखा जाए, जबकि हम आगे की कार्रवाई तय कर रहे हैं। एयर इंडिया में, हमारे ग्राहकों और चालक दल की सुरक्षा और भलाई सर्वोच्च प्राथमिकता है। एयर इंडिया ने बताया कि विमान सभी 225 यात्रियों और फ्लाइट क्रू के 19 सदस्यों के साथ च्ढ्ढ में सुरक्षित रूप से उतरा, जो अब उतर चुके हैं और आगे की प्रक्रियाओं के लिए टर्मिनल बिल्डिंग में ले जाए गए हैं। चूंकि एयर इंडिया के पास च्ढ्ढ में अपना स्टाफ नहीं है, इसलिए हम यात्रियों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए तीसरे पक्ष के समर्थन की व्यवस्था कर रहे हैं। एयर इंडिया सरकारी एजेंसियों और नियामक प्राधिकरणों के साथ भी संपर्क में है, और हम यात्रियों को जल्द से जल्द सैन फ्रांसिस्को ले जाने के लिए च्ढ्ढ के लिए एक फ़ेरी फ़्लाइट की व्यवस्था कर रहे हैं। एयर इंडिया में हम सभी यात्रियों और कर्मचारियों के बारे में चिंतित हैं और जल्द से जल्द फ़ेरी फ़्लाइट को संचालित करने और प्रतीक्षा के दौरान सभी के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। जैसे ही वे उपलब्ध होंगे हम आगे की अपडेट साझा करेंगे।




## हिंसा प्रभावित बांग्लादेश से मेघालय पहुंचे

# 300 से अधिक लोगों में भारतीय, नेपाली शामिल



**शिलॉग/गुवाहाटी।** बांग्लादेश में छात्रों के विरोध प्रदर्शन के कारण वहां फंसे 300 से अधिक लोग मेघालय पहुंच गए हैं, जिनमें भारतीय, नेपाली और भूटान के नागरिक शामिल हैं। इनमें से अधिकतर छात्र हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पूर्वोत्तर के एक अन्य राज्य असम की सरकार ने कहा कि वह पड़ोसी देश में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विदेश मंत्रालय के लगातार संपर्क में है।  बांग्लादेश में बृहस्पतिवार को सरकारी नौकरियों के लिए आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान राजधानी ढाका तथा अन्य जगहों पर हिंसा भड़कने से कम से कम 18 और लोगों की मौत हो गई तथा 2,500 से अधिक लोग घायल हो गए। इसके साथ ही विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से मरने वालों की संख्या 25 हो गई है। गृह मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मीडिया को बताया, ÷आज शाम तक बांग्लादेश में हिंसा के कारण फंसे 310 भारतीय, नेपाली और भूटानी नागरिक यहां %दावकी इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट% के जरिए भारत पहुंच चुके हैं।÷ उन्होंने बताया कि 310 लोगों में से 202 भारतीय हैं, 101 नेपाली और भूटान के सात नागरिक हैं। उन्होंने बताया कि इनमें से अधिकतर छात्र हैं। मेघालय सरकार भारतीयों की सुरक्षित वापसी के लिए बांग्लादेश उच्चायोग और भूमि पत्तन प्राधिकरण के साथ लगातार संपर्क में है।

# म.प्र. पुलिस के गौरवशाली इतिहास में पुलिस बैंड का कार्यक्रम ऐतिहासिक - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## *स्वर-मेघ के अंतर्गत प्रस्तुत बैंड कार्यक्रम के सहभागी प्रत्येक सदस्य को 11-11 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि मिलेगी*



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस को सशक्त बनाने के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इसके लिए बजट में साढ़े दस हजार करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में पुलिस कर्मियों के लिए 25 हजार आवास इस वर्ष बनाने का लक्ष्य है, जिसमें से 12 हजार आवास बना लिए गए हैं। प्रदेश के हर जिले में स्वतंत्र रूप से पुलिस बैंड दल कार्य करेगा। स्वर मेघ के अंतर्गत प्रस्तुत बैंड कार्यक्रम के सहभागी प्रत्येक सदस्य को 11-11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मोतीलाल नेहरू पुलिस स्टेडियम में आज शाम स्वर-मेघ कार्यक्रम के अंतर्गत मध्यप्रदेश पुलिस बैंड द्वारा प्रस्तुत संगीतमय कार्यक्रम में शामिल हुए। नव-गठित पुलिस बैंड ने संगीतमय धुनों का वादन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस बल के सभी सदस्यों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी एवं उनके हुनर की सराहना की। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर और भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय उपस्थित थीं। प्रदेश में करीब 330 पुलिसकर्मी पुलिस बैंड के सदस्य के रूप में प्रशिक्षित हुए हैं। ये स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न जिलों में प्रस्तुति देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशा के अनुसार संगीत में रुचि रखने वाले मध्यप्रदेश पुलिस के जवानों को बैंड वादन का प्रशिक्षण दिलवाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 'स्वर-मेघ' कार्यक्रम में आज अद्भुत प्रस्तुतियाँ दी गई है। पुलिस कर्मियों ने देशभक्ति-जनसेवा के ध्येय वाक्य को अपनी आत्मा में उतारकर दिन-रात सुरक्षा और सेवा में लीन रहने का कार्य किया है। इसके लिए मध्यप्रदेश के सभी पुलिसकर्मियों को मैं सैल्यूट करता हूं और बधाई देता हूं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज पुलिस बैंड के 'स्वर-मेघ' कार्यक्रम में ऐसा लग रहा है कि स्वयं मेघ भी मेजबान बनकर इसका आनंद ले रहे हैं। मैं आज प्रसन्न हूं, मुझे विश्वास है कि मेरे साथ आप सभी इस आनंद में डूबे होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पुलिस मुख्यालय में पहली मीटिंग में निर्देश दिये कि सभी जिलों के पुलिस बैंड का गठन किया जाए। प्रत्येक जिले में पुलिस बैंड की स्थापना बहुत कठिन और चुनौतीपूर्ण कार्य था, लेकिन पुलिस की इच्छाशक्ति से यह कार्य सफल हुआ है।

# सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मिलकर किया पौधारोपण दिया शांति,सौहार्द्र और हरियाली का संदेश







ग्राम बांसखेड़ा में आज सामाजिक कार्यकर्ताओ ने मिलकर पौधारोपण किया तथा शिक्षा जागरुकता एवं नशामुक्ति पर आपसी परिचर्चा की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बहन कु.प्रियंका जी सांची से उपस्थित रहीं, विशेष अतिथि के रुप में ग्राम सरपंच राशिद मोहम्मद जी, सांची से कमलेश जी तथा अविनाश जी मौजूद रहे। साथ ही साथ बांसखेड़ा के सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता हल्केराम चौधरी जी, सुनील शाक्य जी, गंगाराम अहिरवार जी, खिलानसिंह बल्लाखेडी, विनोद जाटव जी, अकरम मोहम्मद जी, मंसूर मोहम्मद जी, चंदन जाटव जी आदि जन उपस्थित रहे। सभी साथीगणो ने मिलकर सर्वप्रथम एक पौधा मां प्रकृति के नाम ÷पीपल का पौधा÷ रोपित किया तत्पश्चात अमरुद, कटहल, संतरा, जैसे उपयोगी पौधे लगाकर उनकी समय-समय पर देखरेख पालन-पोषण करने की शपथ ली ताकि पौधों का सुरक्षित ख्याल रखा जा सके। अंत में बहन कु.प्रियंका जी को ग्राम बांसखेड़ा के सामाजिक साथियों ने मिलकर संतरे का पौधा भेंट दिया और हरियाली का संदेश दिया ।

# राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को दी जा रही है जानकारी




**संभागीय पत्रकार हेमंत शाक्या**

रायसेन। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत अध्यनरत छात्र-छात्राओं को काउंसलर्स द्वारा राष्ट्रीय किशोर कार्यक्रम के मुख्य बिंदुओं की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में गत दिवस बेगमगंज में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के काउंसलर श्री मिथुन यादव द्वारा सीएम राइज स्कूल बेगमगंज के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत पोषण में सुधार, प्रजनन स्वास्थ्य को सक्षम बनाना, मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा, मादक द्रव्यों के उपयोग के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में किशोरों की जागरूकता, किशोरों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का समाधान सहित अन्य बिन्दुओं के बारे में बताया गया।

# "एक पेड़ मॉ के नाम" अभियान के तहत सम्पूर्ण जिले में किया जा रहा है पौधरोपण




**संभागीय पत्रकार हेमंत शाक्या**

रायसेन। पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हेतु चलाए जा रहे एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत कलेक्टर श्री अरविंद दुबे के निर्देशन में सम्पूर्ण जिले में पौधरोपण किया जा रहा है। जिले में ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में शासकीय कार्यालय परिसरों, स्कूल, आंगनबाड़ी, सामुदायिक भवनों, पार्क सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पौधरोपण किया जा रहा है। जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, समाजसेवियों, नागरिकों द्वारा सहभागिता की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को नगर परिषद सिलवानी, औबेदुल्लागंज, बाड़ी, सांची, गैरतगंज सहित अन्य क्षेत्रों में नगर परिषद द्वारा पौधरोपण किया गया। साथ ही वायुदूत एप पर रजिस्ट्रेशन कर पौधरोपण की फोटो भी अपलोड की गई।

# शासकीय पॉलीटेक्निक रायसेन मे प्रवेश हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 17 जुलाई तक

**संभागीय पत्रकार हेमंत शाक्या**

रायसेन। तकनीकी शिक्षा मध्य प्रदेश द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की काउंसलिंग के प्रथम चरण के तहत अर्हकारी परीक्षा (10वीं उत्तीर्ण) के आघार पर 13 जून 2024 से 17 जुलाई 2024 तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किए जा सकेंगें। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय रायसेन के प्राचार्य डॉ एस.पी. कोरी ने बताया कि 27 जुलाई 2024 से 5 अगस्त 2024 तक रोज संस्था में प्रवेश के लिए छात्रों को दस्तावेज लेकर उपस्थित होना होगा। पूरी प्रक्रिया वेबसाइट https://dte.mponline.gov.in पर है। अभ्यर्थी स्वयं या कियोस्क सेंटर से ऑनलइन आवेदन कर सकते है। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय रायसेन में चार ब्रांच- इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेली0 कम्यूनिकेशन इंजी., सिविल इंजी., मैकेनिकल इंजी. एवं इलेक्ट्रीकल इंजी. संचालित है।

# विधायक ने राजस्व महा अभियान की ली जानकारी, किया पौधारोपण

कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)

शहडोल - आज विधायक जैतपुर श्री जय सिंह मरावी एवं जनपद अध्यक्ष श्रीमती उमा धुर्वे को अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग द्वारा राजस्व महा अभियान 2.0 जो कि 18 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक संचालित होने एवं इस अभियान में समय-सीमा पर लंबित प्रकरणो नामांतरण, बटवारा, अभिलेख दुरूस्ती का निराकरण, नए राजस्व प्रकरणो को आर0सी0एम0एस0 पर दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, पी0 किसान का सैचुरेशन, समग्र का आधार से ईकेवायसी, खसरे की आधार से लिकिंग एवं फार्मद रजिस्ट्री का कियान्वयन होने के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही विधायक जैतपुर श्री जय सिंह मरावी एवं जनपद अध्यक्ष श्रीमती उमा धुर्वे द्वारा कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी जैतपुर में पर्यावरण के संरक्षण के लिए वृक्षारोपण किया गया।



# अग्निवीर के लिए विद्यार्थियों को दी फिजिकल ट्रेनिंग



## लालघाटी स्थित इंफेंट्री लाइन में 15 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

भोपाल। (16 जुलाई 2024) । शासकीय अनुसूचित जाति महाविद्यालय बालक छात्रावास बड़वई में अध्ययनरत व अग्निवीर भर्ती की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए आयोजित फिजिकल ट्रेनिंग का मंगलवार को समापन हुआ। लालघाटी स्थित सुल्तानिया इन्फेंट्री लाइन में अग्निवीर में भर्ती की लिखित परीक्षा में सफल हुए अभ्यर्थियों को 15 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बी.एस.सी., बी.ए. और बी.टेक. में अध्ययनरत इन अभ्यर्थियों के अब फिजिकल टेस्ट आयोजित होने हैं। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य एवं अनुसूजित जाति विकास सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना है।



# भीम आर्मी भारत एकता मिशन और आजाद समाज पार्टी ने नगर निगम घेराव कर किया धरना प्रदर्शन

**कैलाश कुमार - सह संपादक ( युवा प्रदेश )**

सतना - जिले भर में एससी, एसटी, ओबीसी, धार्मिक अल्पसंख्यकों, महिलाओं, युवाओं, मजदूरों, किसानों पर जिस तरह से अत्याचार बढ़ रहे है और इनके अधिकारों का हनन हो रहा है आए ना आए दिन कोई न कोई घटना होती रहती है और उनकी सुनवाई भी जल्दी नहीं होती है हाल ही में अभी सतना जिला के दुर्गा नगर बस्ती वार्ड नंबर 19 में विगत कई वर्षों से वहां की जनता को आने जाने के लिए एक आम रास्ता था वहा के दबंगो द्वारा बाउंड्री वॉल कर दिया अनूसूचित जाति एवं जनजाति बस्ती दुर्गा नगर वार्ड नंबर 19में लोगों को निकालने के लिए संपूर्ण रास्ता बंद कर दिया गया है जिससे लोगों को आने जाने में बहुत सी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है इसकी सूचना जैसे ही भीम आर्मी जिला अध्यक्ष विजय वर्मा जी को मिली तो उन्होंने घटना स्थल पर पहुंच कर निरीक्षण किया इसके बाद आज दिनांक 18/07/2024 को टाउन हॉल में सभी को एकत्र कर वंहा से पैदल चलते हुए महापौर मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए नगर निगम में पहुंच कर अपना ज्ञापन नगर निगम सहायक आयुक्त को अपना ज्ञापन सौंपा और मीडिया के माध्यम से अपनी बात रखी की यादि नगर निगम के द्वारा 15 दिवस के अंदर मांग पूर्ण नही होती है तो नगर निगम के सामने आमरण अनशन मैं और दुर्गा नगर बस्ती वार्ड नं 19 की जनता भी बैठी आमरण अनशन पर बैठेगी ज्ञापन



मे निम्न पदाधिकारी भीम आर्मी जिला अध्यक्ष विजय वर्मा, आजाद समाज पार्टी जिला अध्यक्ष अत्तु खान, उपाध्यक्ष गंगाराम वर्मा, मीडिया प्रभारी सावन कपूर, वीरेन चौधरी, विकास चौधरी ,सुरेंद्र भारती, बिमलेश कुशवाहा ,अतुल सिंह ,किरण सिंह राहुल वर्मा ,राजेश वर्मा, लवकुश कुशवाहा, विकास गुप्ता, मुन्नालाल दहिया, सीता शरण सिंह, अजय चौधरी ,जितेंद्र चौधरी, अखिलेश कश्यप, राजेश साकेत, रेखा साकेत ,संजय कुशवाहा, उर्मिला तिवारी, आरती रजक कार्यकर्ता आम जनता उपस्थित रहे।

# कुएं में गिरी गाय का रेस्क्यू कर शिव मारुति

## युवा संगठन अनूपपुर ने रामपुर मे पेश की अनोखी मिसाल



**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

अनूपपुर। कुछ युवाओं में मानवता के कई उदाहरण देखने को मिलते हैं जो की इंसान और जानवर में कोई फर्क नहीं समझते और मानवता को सर्वोपरि मानते हुए अपने धर्म,अपने फर्ज को निभाते हैं। ऐसा ही वाक्या अनूपपुर जिले से लगभग 17 किलोमीटर दूर देखने को मिला।जहां एक गाय कुएं में गिर गई।जिसकी सूचना मिलते ही शिव मारुति युवा संगठन अनूपपुर ने रामपुर के कुदरी टोला में कुए में गिरे हुए गाय को पानी मे उतर कर तत्काल रेस्क्यू किया। बताया गया कि शिव मारुति युवा संगठन अनूपपुर के युवकों द्वारा जो नेक कार्य किया गया उसकी चारों तरफ तारीफ हो रही है।कुएं में गिरी गाय अब पूरी तरह से स्वस्थ है।जिसने भी देखा सभी ने शिव मारुति युवा संगठन के सदस्यों का तहे दिल से आभार व्यक्त किया। जिन्होंने मानवता को सर्वोपरि मानकर नेक कार्य किया एवं लोगों के सामने अनोखी मिसाल पेश की।

## शहडोल जिले में राजस्व महा अभियान प्रारंभ

# राजस्व विभाग के अधिकारी डोर-टू-डोर जाकर प्रकरणों का कर रहें निराकरण





**शहडोल।** किसानों की सुविधा और लंबित राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के लिये 18 जुलाई से 31 अगस्त तक राजस्व महा अभियान -2.0 संचालित किया जा रहा है। किसानों और आमजन की सहुलियत के लिये पटवारी और मैदानी अमला मुख्यालय पर रह कर दायित्वों का निर्वहन कर रहें। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले के समस्त विकासखंडों में राजस्व महा अभियान 2.0 चलाकर राजस्व के सभी प्रकरणों का निराकरण मैदानी अमले द्वारा डोर-टू-डोर जाकर, शिविर लगाकर यथासंभव किया जा रहा है। आज राजस्व अभियान के तहत अनुभाग क्षेत्र ब्यौहारी के ग्राम रसपुर में ई-केवाईसी, ग्राम पंचायत जमुनी में नक्शा तरमीम,बटांकन, ग्राम पंचायत आखेटपुर में सीमाकंन, अनुभाग क्षेत्र जैतपुर में आवेदक श्री धनीराम महरा के भूमि का सीमाकंन कार्य, ग्राम पंचायत खाड़ा में ई-केवाईसी के कार्य, अनुभाग क्षेत्र सोहागपुर के अंतर्गत राजस्व महा अभियान का षिविर लगाकर लोगों का राजस्व प्रकरणों का निराकरण



किया गया तथा पीएम किसान सम्मान निधि के लिए पात्र हितग्राहियों के आवेदन लिये गए। इसी प्रकार अनुभाग क्षेत्र जयसिंहनगर में भी राजस्व महा अभियान चलाकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया। गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व महा-अभियान 2.0 की शुरुआत की गई है। किसानों की सुविधा और लंबित राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के लिए 18 जुलाई से 31 अगस्त



तक यह अभियान संचालित किया जा रहा है। किसानों और आम जन की सुविधा के लिए पटवारी और मैदानी अमला मुख्यालय पर रहेंगे। अभियान में अविवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण 30 दिन में, विवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण 125 दिन में किया जाएगा। बंटवारा प्रकरणों के निराकरण की समय-सीमा 90 दिन है और सीमांकन प्रकरणों को 45 दिन में सुलझाने के निर्देश दिए गए हैं। नक्शे में तरमीम का कार्य सतत् जारी रहेगा।

# डायरेक्ट सेलिंग की आड़ में चल रहे धोखाधड़ी के प्लान से सावधान बाजार में चल रही हैं ऐसी कई फर्जी स्कीमें

**भोपाल ।रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

डायरेक्ट सेलिंग एक बेहद साफ़-सुथरा व्यवसाय है, लेकिन इस व्यवसाय में धोखेबाज कंपनियों एवं धोखेबाज लोगों की मौजूदगी बड़ी चिंता का विषय है। ऐसी धोखेबाज कंपनियां और धोखेबाज लोग (लीडर्स) इस व्यवसाय में आने वाले लोगों को रातों-रात अमीर बनाने के सपने दिखाते हैं और किसी न किसी प्रकार से सिर्फ पैसे लेकर कई गुना मुनाफे सहित एक निश्चित समय सीमा में वापस करने का वायदा करके लोगों को अपने झांसे में ले आते हैं। इस प्रकार की कंपनियां कभी सोना, कभी क्लिक, कभी सर्वे, कभी विज्ञापन, कभी क्रिप्टोकरंसी, कभी तेल कंपनी आदि के नाम पर मूर्ख बनाती हैं। कई कंपनी चल रही हैं जो दिखावे भर के लिए प्रॉडक्ट का मुखौटा लगाए हुए हैं और अपने बिज़नेस प्लान में रातों रात अमीर बनने का दावा पेश कर रही हैं ।जिसमें रूपये लगाने पर 12 या 18 महीने तक लगातार आप को आमदनी मिलती रहेगी या आप दो अन्य लोगों को प्रॉडक्ट खरीदवायें तो अगले 12 महीने या 18 महीने तक एक निर्धारित रकम आप को मिलती रहेगी। आपको बेवकूफ बनाने के लिए सैलरी प्लान, सिंगल लेग-प्लान, ऑटो-फिल पूल-प्लान जैसी अलग-अलग स्कीमें भी कंपनी बता रही है। ये कंपनी कहती हैं ÷दोस्तो आ गया है 21 वी सदी का सबसे बैस्ट प्लान जो नैटवर्क मार्कटिगं का इतिहास बदल रहा हैं दोस्तो हम आपको विश्वास दिलाना चाहते हैं कि आपने ऐसा प्लान न तो कभी देखा होगा और न ही कभी सुना होगा तो फिर देर किस बात की है शुरू हो जाओ इतिहास रचने के लिये तो जल्दी कीजिये अपने अपने शहर मे टॉप ढ्ढष्ठ की पोजिशन लेने के लिये। दोस्तो हो सकता है कि आपको ये जॉइनिंग अमाउंट ज्यादा लगे एक बार प्लान को ध्यान से देखना नही समझ आए तो एक बार पूरी जानकारी लेना क्योंकि आपका कैरियर सैट करने में इससे बढ़िया मौका नहीं हो सकता÷।लेकिन आप सावधान रहें क्योंकि ऐसे दावे कर रही ये योजनाएं फर्जी लाइनों पर हैं। ऐसी योजनाएं भारत सरकार के




डायरेक्ट सेलिंग गाइडलाइन्स के अनुसार नहीं हैं, लेकिन इन्हें मनी सर्कुलेशन (बैनिंग) एक्ट 1978 के तहत अपराध माना जाता है। वास्तव में आमदनी को प्रॉडक्ट की बिक्री से प्राप्त किया जाना चाहिए, जोकि कानूनी रूप से प्रत्येक व्यक्ति के लिए अपने और टीम के कुल कारोबार के माध्यम से वैध है। किसी अन्य प्रकार की आय जो डायरेक्ट सेलिंग दिशानिर्देशों के अनुरूप नहीं है, कानूनी मान्यता में नहीं है।जन साधारण को हमेशा सचेत रहना चाहिए कि कोई भी कंपनी अगर किसी भी प्रकार के सैलरी-प्लान, सिंगल-लेग-प्लान, ऑटो-फिल पूल-प्लान या इन जैसी कोई भी आमदनी (इनकम) का वायदा कर रही है तो वह गलत है। ऐसी आय को बढ़ावा देने वाली कंपनियां, उनके मालिकों और उनके प्रमोटरों और उनके लीडरों को परिणाम भुगतने होंगे। ऐसी कंपनियों से दूर रहें यहाँ आपकी कड़ी मेहनत का पैसा डूबने का पूरा खतरा है। यह वही रास्ता है जिस पर एक कंपनी ने 6 लाख से अधिक लोगों को मूर्ख बनाकर 3600 करोड़ रुपये उगाहे और पैसा बनाया। यह कंपनी अब कानूनी शिकंजे में है। लेकिन आम जनता को अपने पैसे वापस मिलने की संभावना नहीं है। ऐसी कंपनियां समय-समय पर बाजार में दिखाई देती रहती हैं। वास्तव में ये कंपनियां नाम बदल कर आती रहती हैं, लेकिन घोटाले करने वालों के चेहरे वही रहते हैं।

# मिनरल वाटर के नाम पर रेस्टोरेंट वालों की लूट, लोगों को ठगने के लिए अपना रहे नया पैंतरा जितना जल्दी हो इसके बारे में जानिए

**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

आपने देखा होगा कि आजकल आप किसी भी रेस्टोरेंट में जाते हैं तो वहां पर आपको खाने के साथ पीने के पानी की जगह बोतल बंद मिनरल वाटर दिया जाता है और इस मिनरल वाटर की कीमत मार्केट में मिलने वाले साधारण मिनरल वाटर से कुछ ज्यादा ही रहती है । लेकिन आपको बता दें वास्तव में यह मिनरल वाटर होता ही नहीं है यह होता है पैक्ड ड्रिंकिंग वॉटर यदि आप चार लोग खाना खाने जा रहे हैं तो यकीन मानिए आपको चार अलग-अलग बोतल दी जाएगी और इसका पैसा आपसे ही लिया जाएगा । बोतल भी आधे लिटर की होती है ताकि आपके जेब से पैसे ढीले होते रहे पर आपकी प्यास ना बुझे और हम होते हैं इनके ग्राहक और इन रेस्टोरेंट में जाने वाले ज्यादातर लोग मिडिल क्लास फैमिली से होते हैं और मिडिल क्लास फैमिली की एक खास बात होती है की प्राण चला जाए पर इज्जत ना जाए और अपनी इज्जत को बचाने के लिए मुफ्त में मिलने वाले पानी के लिए भी 35 रुपए देने को तैयार रहते हैं। और ऊपर से एक शख्स के लिए एक बोतल चाहिए ऐसा भी नहीं कि इसमें शेयरिंग की जा सके क्योंकि मामला यहां पर



स्टेटस का होता है और अपने आप को फर्जी तौर पर रईस दिखाने का भी अब यह बोतल आपको कैसे हानि पहुंचा सकती है। सोचिए सबसे पहले तो यह महंगी होती है और इसका पूरा पैसा आपका नाम के बिल पर फाड़ दिया जाता है। यह बोतल रेस्टोरेंट के मालिकों को आधे रेट पर मिलती है जिसे भी वह इसमें मुनाफा कमाते हैं और अपनी कंपनियों द्वारा भी इन्हें अलग-अलग टारगेट दिए जाते हैं कि अगर आपने इतने पीस बोतल बेच दिए तो आपको एक विदेश की ट्रिप ऑफर होगी। लेकिन अगर इससे आप बचाना चाहते हैं और आपको भी लगता है कि आपको जबरदस्ती बोतल बंद पानी दिया जा रहा है और आप उन्हें मना नहीं कर पा रहे हैं तो उसका बहुत साधारण सा उपाय है।

जब वेटर आपके सामने यह पानी की बोतल रखता है तो वह बोलता है यह मिनरल वाटर है पर वास्तव में यह मिनरल वाटर है ही नहीं यह पैक्ड ड्रिंकिंग वॉटर है क्योंकि इसमें किसी भी तरीके की मिनरल नहीं मिले हैं बल्कि से साफ करके बोतल में बंद कर दिया गया है। जब भी आप किसी रेस्टोरेंट में जाते हैं और आपके सामने ऐसी स्थिति आ गई है तो कुछ मत कीजिए वेटर को बुलाएं और उन्हें बोलिए कि आपको मिनरल वाटर नहीं रेगुलर वाटर चाहिए। फिर वह आपको एक साधारण सी बोतल में या फिर जग में पानी ला कर देगा। क्योंकि हमारे देश में एक नियम के अनुसार पेट्रोलटैंक सिनेमाघर या फिर रेस्टोरेंट में किसी को पानी खरीदने के लिए विवश नहीं कर सकते अपने पास दोनों विकल्प रख सकते हैं कि लोग पैक्ड ड्रिंकिंग वॉटर लें या रेगुलर पानी यह वैकल्पिक होता है । होटल किसी भी प्रकार से बोतल बंद पानी खरीदने के लिए विवश नहीं कर सकता । यह गैरकानूनी है। अगर कोई रेस्टोरेंट या फिर सिनेमाघर ऐसा करते हुए पकड़ा गया तो उनका लाइसेंस रद्द हो सकता है और उनके ऊपर भारी जुर्माना लग सकता है। पर जागरूक न होने की वजह से ज्यादातर लोग ना चाहते हुए भी मिनरल वाटर ले लेते हैं और बाद में पछताते हैं कि खाना तो 300 का खाया लेकिन 200 का पानी पी गए। यह बात आम जनता को समझनी होगी कि यहां पर बात 10 या 20 रुपए की नहीं है यहां पर बात है आपके द्वारा मेहनत से कमाए गए पैसे की । तो अगली बार यदि किसी रेस्टोरेंट में जाएं और आपके वहां पर मिनरल वाटर ना लेना हो या आपको लगता है कि यह फिजूल खर्ची है तो साधारण सी भाषा में रेस्टोरेंट मालिक से बोलिए कि मुझे मुझे रेगुलर वाटर दे दो आपका काम हो जायेगा।

## कठुआ में शहीद हुए अमर जवानों की स्मृति में भोपाल में किया गया रक्तदान एवं वृक्षारोपण





**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

ऐसे कई लोग होते हैं जिनमें सदैव समाजसेवा के क्षेत्र में जरूरत मंदों की सहायता के लिए हमेशा कुछ न कुछ करते रहने का सेवाभाव लिए होते हैं । ऐसे ही भोपाल शहर के कुछ संगठित युवा हैं जो स्वयं रक्तदान करने के साथ ही अन्य लोगों को भी रक्तदान जैसे पुण्यकार्य के लिए प्रेरित करते हैं । इसी क्रम में भोपाल के रक्तदाताओं द्वारा कठुआ में शहीद अमर जवानों की स्मृति एवं कथावाचक पूज्य सुश्री जयकिशोरी को समर्पित करते हुए रक्तदान शिविर एवं वृक्षारोपण किया गया । कार्यक्रम का आयोजन जेके फाउंडेशन के तहत किया गया जिसमें अनन्या मिश्रा, अनिकेत किरार, अखिलेश अग्रवाल, प्रकाश मालवीय, बिट्टू, भूपेंद्र, गौरव जैन एवं लक्की सिंह नेगी सम्मिलित हुए साथ ही रेडक्रॉस ब्लड बैंक से डा.श्रीवास्तव, दीपशिखा श्रीमाली एवं अन्य सभी सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## बस रोककर गुंडागर्दी करने वाले बदमाश गिरफ्तार बस चालक तथा कंडक्टर के साथ मारपीट का वीडियो हुआ था वाइरल

**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

पिछले दिनों एक वीडियो वाइरल हुआ था जिसमे दो बदमाश ने भोपाल सिटी बस को रोक कर हंगामा किया तथा हंगामे के बाद बदमाशों द्वारा चालक और कंडक्टर के साथ मारपीट की गई। मारपीट में बस चालक घायल हो गया था । वाइरल वीडियो पर तुरंत संज्ञान लेते हुए डीसीपी जोन वन द्वारा कार्यवाही करने के सख्त निर्देश पर रातीबड़ पुलिस द्वारा बस में गुंडागर्दी करने वाले बदमाशो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सूरज नगर में बस को रोककर हंगामा करने वाले इन बदमाशों पर कार्यवाही बस में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज तथा सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो मे हुई इनकी पहचान के आधार पर हुई । सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान कर 48 घंटे में पुलिस ने बदमाशों को थाना शाहजहानाबाद क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया । दुबारा क्षेत्र में इस तरह की गुंडागर्दी की कोई घटना न हो और आम जनता दहशत मुक्त रहे



इसलिए थाना प्रभारी उप निरीक्षक के नेतृत्व में बदमाशों का जुलूस निकाला गया।बदमाशों द्वारा जहाँ घटना को अंजाम दिया गया उसी क्षेत्र में जुलूस निकाला गया ।

## केन्द्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री श्री चौहान ने रतनपुर में किया पौधरोपण

**सम्भागीय पत्रकार हेमंत शाक्या**

रायसेन। पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन हेतु शुरू किए गए एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत आज केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा रायसेन जिले के ग्राम रतनपुर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। उन्होंने नागरिकों से आव्हान किया कि सभी अधिक से अधिक पौधरोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता निभाएं। पौधरोपण के साथ ही उनकी देखभाल और सुरक्षा भी जरूरी है। जिस प्रकार मॉ अपने बच्चे की देखभाल करती है, उसी प्रकार हमें भी रोपित किए गए पौधे की देखभाल करनी है। जिससे कि वह वृक्ष का आकार ले सकें। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया एक पेड़ मॉ के नाम अभियान जन-जन का अभियान बन गया है और नागरिक पर्यावरण के प्रति जागरूक हो रहे हैं तथा अधिक से अधिक पौधरोपण कर अपना योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह, कलेक्टर अरविंद दुबे, पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल, डीएफओ श्री विजय कुमार, श्री राकेश शर्मा तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।




# अनूपपुर पुलिस की बड़ी सफलता दोपहिया वाहन चोरी के गिरोह का पर्दाफाश




### थाना जैतहरी की टीम के द्वारा आरोपी के कब्जे से 03 दोपहिया वाहन कीमत लगभग 1,00,000/- रुपए जप्त।

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

अनूपपुर - आवेदक माखन लाल पिता भद्दू राठौर उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम धनगवां (दर्रीटोला) थाना जैतहरी के द्वारा दिनांक 11 जुलाई 2024 को थाना जैतहरी में इस आषय की सूचना दी गयी कि दिनांक 10.07.2024 को वह अपने रिष्तेदारी में ग्राम क्योंटार गया था। जहॉ से आवेदक की मोटर सायकल क्र. सीजी 10 ए.के.1397 को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया गया है। उक्त सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी जैतहरी निरी.पी.सी.कोल के द्वारा अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्र. 303/24 धारा 303 भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में अनुसंधान के दौरान दिनांक 16.07.2024 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि शुभम सिंह राठौर पिता रामखेलावन राठौर उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम भदौरा थाना गौरेला अपने साथी सागर राठौर के साथ चोरी की बाइक




बेचने के फिराक में इधर उधर घुम रहे है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेन्द्र सिंह पवांर के द्वारा थाना प्रभारी जैतहरी के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी को गिरफ्तार करने का निर्देष दिया गया। जिस पर थाना प्रभारी जैतहरी की टीम के द्वारा आरोपी शुभम सिंह राठौर पिता रामखेलावन राठौर उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम भदौरा थाना गौरेला को गिरफ्तार कर लिया गया तथा अन्य आरोपी सागर राठौर मौके से फरार हो गया। पूछताछ के दौरान आरोपी के द्वारा अपना जर्म स्वीकार कर लिया है। पुलिस के द्वारा आरोपी के कब्जे से 02 और मोटर साइकिल बरामद किया गया है। पुलिस के द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही हैं एवं प्रकरण में विवचेना जारी है। संपूर्ण कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेंद्र सिंह पवांर के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मो.इसरार मन्सूरी एवं एसडीओपी अनूपपुर श्री सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी जैतहरी निरीक्षक प्रकाष चन्द्र कोल के नेतृत्व में उनि. विपुल शुक्ला, सउनि. मणिराज सिंह, रविषंकर गुप्ता, प्रआर. 133 विनोद पटेल एवं आर. 235 अनिल कोल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर ने इस कार्यवाही में सक्रिय भूमिका निर्वहन करने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को यथायोग्य इनाम से पुरुस्कृत करने की घोषणा की है।

# रायसेन जिले को विकास की दृष्टि से शीर्ष पर पहुंचाना है

## जिले के चहुँमुखी विकास के लिए आगामी पॉच साल का रोडमैप तैयार करें- केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान

**•केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक सम्पन्न**

सम्भागीय पत्रकार हेमंत शाक्या

रायसेन। हमें विकास की दृष्टि से रायसेन जिले को शीर्ष पर पहुंचाना है। केन्द्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी और विकासमूलक योजनाओं का जिले में आदर्श तरीके से क्रियान्वयन किया जाए, जिससे कि समाज की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। यह बात केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिले में विकास के रोडमैप बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कही। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जमीनी स्तर से काम होगा तो जल्दी बदलाव आएगा। बैठक में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्षी श्री यशवंत मीणा, पूर्व केबीनेट मंत्री श्री रामपाल सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री राकेश शर्मा भी उपस्थित रहे। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने जिले के विकास हेतु विभागवार आगामी पांच साल का रोडमैप बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि विकास का ऐसा मॉडल बनाना है जो कि जमीनी स्तर से शुरू हो। उनके लिए राजनीति लोगों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव लाने का मिशन है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पूर्व से स्वीकृति कार्यों की प्रगति में तेजी लाएं। इसमें कहीं बाधा आती है तो अवगत कराएं। विकास के काम गुणवत्ता के साथ समयावधि में पूर्ण हों, लंबित ना रहें। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार का लाभ आम जनता तक पहुंचे। जिले में कृषि से जुड़ी कौन-कौन सी चीजे ला सकते हैं जिससे किसानों की उन्नति हो, उनकी आय बढ़े। उन्होंने कहा कि हर जिले में कृषि विज्ञान केन्द्र हैं। किसानों और कृषि वैज्ञानिकों में सामंजस्य होगा तो किसानों को उन्नत और नवीन कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त होगी, जिन्हें खेती में उपयोग कर किसान अधिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। गॉवों में जो पात्र लोग योजना के लाभ से छूट गए हैं, उन्हें योजना में शामिल करने की दिशा में काम करें। इसी प्रकार प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के जो मापदण्ड हैं उनके अनुसार कार्ययोजना बनाएं जिससे कि जो गॉव, मजरे-टोले छूट गए हैं। उन्हें शामिल किया जा सके। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि पूरे देश में 100 दिन में 10 लाख लखपति दीदी बनाना हैं। रायसेन जिले में भी अधिक से अधिक लखपति दीदी बनाना हैं। स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की आय 10 हजार प्रतिमाह से अधिक हो, इसके लिए रोजगार के साधन उपलब्ध कराने की दिशा में गंभीरता से काम करें। जिले के विकास में मनरेगा का भी बेहतर उपयोग किया जाए। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने जिले में स्किल डेवलपमेंट कर अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने, पीएम किसान सम्मान निधि के छूटे हुए हितग्राहियों को योजना में शामिल करने, फसल बीमा से जोड़ने, जिले में नवीन सिंचाई परियोजनाएं बनाने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही आमजन की समस्याओं का गंभीरता से निराकरण करने के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान को कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा जिले में योजनाओं के क्रियान्वयन तथा विकास कार्यों के बारे में अवगत कराया गया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, डीएफओ रायसेन श्री विजय कुमार, डीएफओ औबेदुल्लागंज श्री हेमंत रायकवार, अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित रहे।




## जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का किया गया निराकरण



**तहसील स्तरीय संवाददाता राजेश शाक्या**

रायसेन। कलेक्टर श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार, डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा तथा डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अल्का सिंह द्वारा जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। कुछ प्रकरणों में संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में अधिकांशतः प्रधानमंत्री आवास, वृद्धावस्था सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन, विद्युत बिल, आर्थिक सहायता से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला न्यायालय सहित तहसील न्यायालयों में 14 सितम्बर को लगेगी नेशनल लोक अदालत

**तहसील स्तरीय संवाददाता राजेश शाक्या**

रायसेन। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में 14 सितम्बर 2024 नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय रायसेन एवं समस्त तहसील न्यायालयों में किया जाएगा। इस नेशनल लोक अदालतों में न्यायालय में लंबित सभी राजीनामा योग्य सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, एमएसीटी प्रकरण (मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा), वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत एवं जलकर/बिल संबंधी प्रकरण (चोरी के मामलों को छोड़कर), सेवा मामलें जो सेवा निवृत्त संबंधी लाभों से संबंधित है, राजस्व प्रकरण, दीवानी मामलें तथा अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य, प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

## जिला रोजगार कार्यालय में 20 जुलाई को लगेगा रोजगार मेला

**तहसील स्तरीय संवाददाता राजेश शाक्या**

रायसेन। जिला रोजगार कार्यालय रायसेन में 20 जुलाई 2024 को विभिन्न कम्पनियों द्वारा रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इस रोजगार मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष तक की आयु के आवेदकों की भर्ती की जाएगी। इच्छुक आवेदक 20 जुलाई 2024 को प्रातः 11 बजे जिला रोजगार कार्यालय रायसेन में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। इस हेतु कोई मार्ग व्यय नहीं दिया जाएगा।

# जिले में राजस्व महा अभियान 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पूरी गंभीरता से काम करें- कलेक्टर श्री दुबे

### कलेक्टर श्री दुबे ने बैठक में एसडीएम, तहसीलदार सहित सभी राजस्व अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**तहसील स्तरीय संवाददाता राजेश शाक्या**

रायसेन। किसानों की सुविधा और लंबित राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 18 जुलाई से 31 अगस्त तक राजस्व महा अभियान - 2.0 संचालित किया जा रहा है। जिसका मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा आज राज्य स्तर पर शुभारंभ किया गया है। जिले में राजस्व महाअभियान 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी लगन और गंभीरता से काम करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री अरविंद दुबे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अभियान संबंधी बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित सभी राजस्व अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री दुबे ने निर्देश दिए कि एसडीएम अपने जनप्रतिनिधियों को भी राजस्व अभियान की जानकारी प्रदान करें। एसडीएम, अनुभाग स्तर पर अधीनस्थ कार्यालयीन एवं मैदानी अमले के साथ बैठक करें। साथ ही जनपद सीईओ, सचिव एवं पटवारियों की एक संयुक्त बैठक कर पीएम किसान, ईकेवायसी एवं किसान पंजीयन के संबंध में माइक्रो प्लानिंग कर ली जाए। इसी प्रकार नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन एवं अभिलेख दुरूस्ती के संबंध में कार्ययोजना बनाकर प्रतिदिन समीक्षा करते हुए कार्य करें। कोई भी राजस्व अधिकारी, राजस्व अभियान के दौरान इसमें लापरवाही न करे।




### राजस्व प्रकरणों का समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करें

कलेक्टर श्री दुबे ने समीक्षा करते हुए कहा कि नामांतरण के प्रकरणों के निराकरण में रायसेन जिला 72.03 प्रतिशत निराकरण कर प्रदेश में 13वें स्थान पर है। अभी भी 2714 प्रकरण निराकरण से शेष हैं। अविवादित नामांतरण में 30 दिवस की समय सीमा है, अतः सभी तहसीलदार लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने लंबित 802 सीमांकन प्रकरणों को भी ग्रामवार कार्ययोजना बनाकर निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही अभिलेख दुरूस्ती के लंबित प्रकरणों का भी निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री दुबे ने नक्शा तरमीम के प्रकरणों को निराकृत करने के लिए कार्ययोजना पर चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने समग्र ई-केवायसी, पीएम किसान ईकेवायसी, स्वामित्व योजना एवं राजस्व वसूली पर भी विस्तार से चर्चा कर निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री दुबे ने कहा कि रायसेन जिला अभी बी श्रेणी में है, सभी राजस्व अधिकारी ए श्रेणी प्राप्त करने के लिए कार्य करें।

### राजस्व न्यायालयों का किया जाएगा आकस्मिक निरीक्षण

बैठक में कलेक्टर श्री दुबे द्वारा सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए कि वह अपने अनुविभाग के सभी राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण कर लें। अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार को भी राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री दुबे ने कहा कि वह स्वयं भी राजस्व न्यायालयों का आकस्मिक निरीक्षण करेंगे। इस दौरान किसी भी राजस्व न्यायालयों में यदि पेशी से गिरे और बिना रजिस्टर्ड प्रकरण पाए गए तथा प्रकरणों में पारित आदेश का राजस्व अभिलेख में अमल नहीं पाया गया तो ऐसे राजस्व अधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी पटवारियों को भी हल्का ग्रामों में भ्रमण एवं कार्य के लिए निर्देशित किया गया।

**पारित आदेशों को ऑनलाईन अभिलेख में दर्ज कराने के निर्देशः** कलेक्टर श्री दुबे ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे सभी राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज किया जाए जो पेशी से उतर गए हैं। सभी राजस्व न्यायालयों के पारित किए गए आदेशों को ऑनलाईन अभिलेखों में दर्ज कराना सुनिश्चित किया जाए तथा राजस्व प्रकरणों में अमल किए गए अभिलेख की प्रति भी संलग्न की जाए। इसी प्रकार 30 जून 2024 की स्थिति में समय सीमा पार कर चुके लंबित प्रकरणों को चिन्हित कर उनका निराकरण किया जाए। कलेक्टर श्री दुबे ने निर्देश दिए कि बंटवारे के लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाए तथा 06 माह से अधिक की अवधि के लंबित सभी प्रकार के अभिलेख शुद्धिकरण के प्रकरणों का निराकरण किया जाए। इसके साथ ही ऐसे प्रकरणों में जहां खसरे में बटांकन है किन्तु नक्शे में नहीं है ऐसे प्रकरणों का सर्वोच्च प्राथमिकता के स्तर पर सुधार किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरण में एक से अधिक बार खसरा नम्बर की पुनरावृत्ति हुई हो तथा ऐसे प्रकरण जिसमें नक्शे में बटांकन है किन्तु खसरे में नक्शे में बटांकन नहीं है, आवश्यक कार्यवाही की जाए। समग्र वेब पोर्टल, एमपी ऑनलाइन/सीएससी कियोस्क के माध्यम से समग्र में आधार की ई-केवायसी करवाया जाना भी सुनिश्चित करें।

**पीएम किसान पोर्टल पर छूटे पात्र किसानों को जोड़ा जाएगाः** कलेक्टर श्री दुबे ने कहा कि राजस्व महा अभियान 2.0 के अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान पोर्टल पर छूटे हुए पात्र किसानों को जोड़ना एवं अपात्र हितग्राहियों की जानकारी को अघतन किया जाना है, यह कार्य समयावधि में पूर्व कराएं। इसी प्रकार स्वामित्व योजना के अंतर्गत आबादी भूमि के सर्वेक्षण की कार्यवाही पूर्ण कर समारोहपूर्वक अधिकार अभिलेख का वितरण भी किया जाना है। प्रत्येक किसान की फार्मर आईडी तैयार की जाएगी तथा खरीफ 24 में डिजिटल क्रॉप सर्वे भी किया जाएगा। पटवारी डायरी का मैनुअल के स्थान पर डिजीटल संधारण किया जाएगा जिससे वास्तविक लोकेशन पर उपस्थित दर्ज होने से कार्य में पारदर्शिता आएगी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार, डिप्टी कलेक्टर श्री मनीष शर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अल्का सिंह, अधीक्षक भू-अभिलेख सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से अनुभागों से एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।



## स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने मूंग उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण कर अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का समाधान करने के दिए निर्देश

**सम्भागीय पत्रकार हेमंत शाक्या**

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल द्वारा मंगलवार को उदयपुरा विधानसभा के ग्राम सिलगेना और चंदपुरा पहुंचकर मूंग खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने उपार्जन हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए की उपार्जन हेतु आने वाले किसानों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाए। उन्होंने किसान भाइयों से संवाद करते हुए कहा कि उनकी हर समस्या का समाधान शीघ्र होगा। शासन के नियमों के विरुद्ध अनुचित कार्य करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। उल्लेखनीय है कि किसानों को मूंग उपार्जन कार्य में समस्याएं आने की जानकारी प्राप्त होने पर राज्यमंत्री द्वारा मूंग उपार्जन केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर उपार्जन कार्य का जायजा लिया जा रहा है।

# विदेश में उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 31 जुलाई तक किये जा सकेंगे

**सम्भागीय पत्रकार हेमंत शाक्या**

रायसेन। सामान्य, अनारक्षित वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विदेश में स्नातकोत्तर एवं पीचएडी उपाधि के लिए छात्रवृत्ति योजना सत्र 2024-25 (सत्र जुलाई से दिसम्बर 2024) के अन्तर्गत आवेदन आंमत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 निर्धारित की गई है। योजनांतर्गत पात्र विद्यार्थी आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई को सायं 6 बजे तक कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय, तृतीय तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल में स्वयं अथवा वाहक अथवा डाक द्वारा द्वारा अपना आवेदन जमा कर सकेंगे। अपात्र/अपूर्ण/त्रुटिपूर्ण एवं निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन विचारणीय नहीं होंगे। अनारक्षित वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा (स्नातकोत्तर एवं पीचएडी उपाधि के लिए) प्राप्त करने के लिये राज्य सहायता छात्रवृत्ति में आवेदन करने के लिए विद्यार्थी, मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। विद्यार्थी का अर्हकारी परीक्षा स्नातक/स्नातकोत्तर में 60 प्रतिशत से अधिक अंक से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है और उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अनुमोदित सूची में सम्मिलित विदेश में स्थित विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में अध्ययन के लिये प्रवेश (ऑफर लेटर) प्राप्त करना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र उच्च शिक्षा विभाग की बेवसाइट https://www.highereducation.mp.gov.in/ पर नवीन निर्देश के अन्तर्गत विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिये छात्रवृत्ति योजना की मार्गदर्शिका शीर्षक पर उपलब्ध है।

# ऑनलाईन कर सकते हैं मानव अधिकार सम्बंधी शिकायत

**सम्भागीय पत्रकार हेमंत शाक्या**




रायसेन। मानव अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु आयोग में नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाइन फ्री पोर्टल www.hrc-net.nic.in पर पत्राचार द्वारा टोल फ्री नम्बर 144334 पर भी कर सकते हैं। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के मदद सेंटर में उपस्थित होकर लिखित शिकायत या मोबाइल नम्बर 9810298900 एवं नागरिक सेवा केंद्र यानि सीएससी में 30 रुपए का शुल्क जमा करके अपनी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। इसमें आप किसी भी व्यक्ति जो आपसे रिश्वत लेते हैं चाहें सरकारी कर्मचारियों या दफ्तर या फिर चाहें सरकारी बैंक ओर मैनेजर या अन्य कर्मचारियों द्वारा जनसाधारण को किसी भी प्रकार से प्रताड़ित किया गया हों तो वह दिए गए नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

जन जन आपके हितेषी समस्त पत्रकार परिवार बंधु संघ

# अंतर्विभागीय राज्य स्तरीय समिति का गठन

**तहसील स्तरीय पत्रकार राजेश शाक्या**

रायसेन। राज्य शासन द्वारा, मध्यप्रदेश के राष्ट्रीय उद्यानों एवं वन्यजीव अभ्यारण्यों के अधिसूचित इको सेंसेटिव जोन्स का जोनल मास्टर प्लान मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा बनाया जा रहा है। उक्त जोन मास्टर प्लान के गजट नोटिफिकेशन से पूर्व परीक्षण एवं स्पष्ट अनुशंसा के लिये अंतर्विभागीय राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष अपर मुख्य सचिव, वन विभाग होंगे। समिति में सदस्य के रूप में अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग, प्रमुख सचिव, पर्यावरण विभाग, प्रमुख सचिव, नगरीय विकास एवं आवास विभाग और समिति के सदस्य सचिव के रूप में प्रमुख सचिव, पर्यटन विभाग होंगे। समिति के सदस्य सचिव अन्य सभी संबंधित विभागों से समान्वय स्थापित कर प्रति सप्ताह कार्य में हो रही प्रगति की स्थिति से अवगत करायेंगे।

## मकसद

जाते-जाते भावी पीढ़ी को
तुम कुछ तो देते जाओ ।
जिंदगी मिलती एक बार
उसे तो व्यर्थ मत गंवाओ ।

स्वयं आप ही तय कीजिए
जन्म लेने का क्या मतलब।
शोषण के विरुद्ध लड़ना
ही जीवन का हो मकसद ।
पुर्वजों के अहसानों का
अब तो तुम क़र्ज़ चुकाओं।
जाते-जाते भावी पीढ़ी को
अब तो तुम कुछ देते जाओ।

सदियों से होते गुलामी का
कुछ लोगों ने विरोध किया।
जानो तन मिटाकर उन्होंने
दुश्मनों से प्रतिशोध लिया।
कारवां आगे ना बढा सकें
तो पिछे भी मत ले जाओ।
जाते-जाते भावी पीढ़ी को
तुम अब कुछ तो देते जाओ।

दोस्त दुश्मन की पहचान हमे
नौनिहालों को कराना होगा।
जातिवाद मिट जाएं जहां से
सांझा मोर्चा अपनाना होगा।
वैमनस्यता के खुदे खंदक को
समता के मैदान बनाओं ।
जाते-जाते भावी पीढ़ी को
तुम अब कुछ तो देते जाओ।

संतों, गुरुओं, महापुरुषों का
संदेश मानवतावादी था।
जीयों और ,औरों को जीने दो
यह सिद्धांत विश्वव्यापी था।
समता समानता प्रेम बंधुता का
परचम पुनः विश्व में फहराओ।
जाते-जाते भावी पीढ़ी को
तुम अब कुछ तो देते जाओ।
जिंदगी मिलती है एक बार
उसे भी मत व्यर्थ गंवाओं।

**हरीश पांडल**
**विचार क्रांति**






# अंबानी की शादी अमीरी का नंगा नाच, गरीब जनता के जख्मों पर छिड़का नमक !

**14 जुलाई 2024, भावना मंगलमुखी, मुंबई**



सर्वप्रथम समस्त देशवासियों को अंबानी जी की शादी की औपचारिक शुभकामनाएं ! आपको मेरा यह औपचारिक शब्द सुनकर थोड़ा अटपटा लग सकता है लेकिन मैं इसे औचारिक ही कहूंगी क्योंकि आजकल कुछ ऐसा माना जाने लगा मानो अडानी - अंबानी ही अपना देश है और ये ही सभी भारतीयों के भाग्य विधाता है। हां इतना तो सत्य है कि ये अडानी - अंबानी जैसे दस - बारह पूंजीपति ही है, जो जिस राजनीतिक खिलौने में चाबी भर देते हैं, वह खिलौना चलने लगता है इसलिए ही इन्होंने जनता के साथ - साथ विरोधी नेताओं को भी अपनी अहमियत व रुतबे का अहसास करवाने और अपनी शादी कम %दौलत के नंगे नाच% को दिखाने हेतु विभिन्न बड़ी - बड़ी हस्तियों के साथ - साथ विरोधी व लंबे समय से आलोचना कर रहे नेताओं को भी आमंत्रित किया !

यहां उल्लेखनीय बात यह भी है कि इस शादी के लिए सारे सरकारी तंत्र चाहे वह सेना के जवान हो, पुलिस बल हो, सरकारी अफसर हो या उच्च दर्जे के परिवहन के माध्यम सभी की सेवा को अंबानी जी की शादी को भव्य बनाने हेतु झोंक दिया गया। पिछले दिनों जामनगर में भी प्री वेडिंग के मौके पर कैसे जामनगर के सैन्य हवाई अड्डे को भी प्राइवेट हवाई अड्डा बना दिया गया था ! और अब भी अंबानी जी के मेहमानों को कोई परेशानी न हो इसलिए मानसून से बेहाल मुंबई के भी मुख्य मार्गो को आम जनता के लिए प्रतिबंधित करके इस शादी के मेहमानों हेतु आरक्षित किया गया। फिर भी जो नेता अपने आपको गरीबों का नेता कहते नहीं थकते थे, भले वह समाजवादी नेता हो या गरीबों का मसीहा बताने वाले नेता हो, एक बुलावा आते ही अंबानी जी के दरबार में नतमस्तक होकर हाजिरी लगाने पहुंच गए ! सभी को लगता है कि बस पूंजी ही परमेश्वर है। वैसे किसी के निमंत्रण पर उनके कार्यक्रमों में शरीक होना भारतीय परंपरा रही है लेकिन जिस प्रकार इस परिवार ने सारी भारतीय परंपराओं को ताक पर रखकर पिछले पांच - सात महीनों से भव्य शादी की आड़ में नब्बे प्रतिशत जनता की गरीबी का मखौल उड़ाने और उनके जख्मों पर नमक छिड़कने का कार्य किया है, साथ ही साथ जिस मालिक के चैनलों ने विगत दस वर्षों से भारत के आम नागरिक के सरोकारों महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे बुनियादी मुद्दों की बिलकुल बात न करके दिन - रात हिंदू - मुस्लिम का जहरीला प्रोपेगेंडा चलाकर भारत के अमन - चैन में आग की चिंगारी लगाकर भाईचारे को छीना, ऐसे में कम से कम अपने आपको गरीबों के और धर्मनिरपेक्ष नेता कहने वालों को यह निमंत्रण ठुकराकर एक मिसाल पेश करनी चाहिए थी लेकिन इसके लिए एक मजबूत रीढ़, दृढ़ संकल्प व सिद्धांत चाहिए जो राहुल गांधी के अलावा किसी बड़े नेता के पास बिलकुल नज़र नहीं आए।

**आखिर क्यों किया जा रहा पैसों का भोंडा प्रदर्शन ?**

कहा जाता है कि अगर किसी के पास बेहिसाब अकूत धन संपत्ति आ जाए, और वह भी सारे नैतिक - अनैतिक सरकारी तंत्र की सांठगांठ से तो वह किसी भी इंसान से आसानी से हज़म नहीं होती है और उसका नशा उसके के सिर चढ़कर बोलता है। एक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार सिर्फ़ सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों के पास भारत की चालीस प्रतिशत धन संपदा है वहीं नब्बे प्रतिशत गरीब परिवार औसत 6000 रू महीने में गुजारा करने हेतु विवश है और जिस देश में 80 करोड़ लोग मुफ़्त अनाज के सहारे अपनी जिंदगी जी रहे हो ऐसे में अगर ये एक अलीबाबा और चालीस चोर अपनी दौलत का इस प्रकार प्रदर्शन करने के बजाय अपनी पूंजी को सामाजिक सरोकार में लगाते तो वास्तव में भारत का भाग्य बदल सकता था। एक अनुमान के मुताबिक पिछले पांच महीनों से चल रही इस शादी का खर्च लगभग 5000,00,00,000 यानि पांच हजार करोड़ रूपए बताया जा रहा है इतने में तो लगभग लाखों जरूरतमंद बच्चों को पढ़ाने, बीमार लोगों के इलाज़, वृद्ध लोगों की देखभाल, पर्यावरण संरक्षण हेतु बड़े स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाने हेतु खर्च करते या हजारों गांवों में स्कूल - अस्पताल, पुस्तकालय इत्यादि बनाकर उसके शिलालेख पर हमेशा - हमेशा के लिए अपना नाम भी स्वर्णिम अक्षरों में अंकित करवा सकते थे लेकिन जिस पूंजीपति ने अपनी शादी के मौके पर अपने ग्राहकों को कुछ ईनाम या राहत देने के बजाय अपनी जिओ सेवा का शुल्क बढ़ाकर शादी का सारा खर्च वसूलने की जो खूनचूस योजना बनाई, ऐसे धन पिपासुओं से सामाजिक सरोकार की अपेक्षा करना ही बेमानी हो जाता है क्योंकि इन्होंने तो कोरोनाकाल में भी आपदा में अवसर का भरपूर लाभ उठाया था।

ऐसे दिखावे और भौकालबाजी के प्रदर्शन का नशा गरीब इंसान को भी जल्दी अमीर बनने हेतु अनैतिक कार्यों की ओर प्रेरित करता है लेकिन बात - बात पर गरीबों को सीमित खर्च, शादी में डीजे, बैंड, हल्दी रस्म, मृत्युभोज इत्यादि पर ज्ञान देने वाले तथाकथित समाज सुधारक भी पूंजीपतियों के ऐसे भौकाल के समक्ष कुंभकर्णी निद्रा में चले जाते हैं। मीडिया के माध्यम से आई शादी की तस्वीरों में भी सामने आ रहा है कि अंबानी की बहू ने शादी के समय जो लहंगा पहन रखा था उस पर भी भगवान श्रीनाथजी के चित्र अलंकृत किए गए थे लेकिन अब पूंजीपतियों के आगे भावना आहत गैंग के लोगों की आस्था भी आहत नहीं होगी ! इस शादी का कुछ अंधभक्त तो इस तरीके से महिमामंडन कर रहे हैं कि अंबानी जी ने सनातन परंपरा से ऐसी भव्य शादी आयोजित करके और विदेशियों को भी शादी में नचाकर भारत के पूंजीपति के नाते विश्व में भारत और भारत की सनातन परंपरा का गौरव बढ़ाकर और दुनिया में डंका बजाकर सबको बता दिया कि भारत कोई गरीब देश नहीं, बल्कि आज भी सोने की चिड़िया है। और जो लोग इस शादी की आलोचना कर रहे हैं, उन पर तंज करते हुए कह रहे हैं कि वे तो हिंदुस्तान लीवर, पीएनजी जैसी विदेशी कंपनियों के गुलाम हैं, इसलिए उन्हें भारत के स्वदेशी ब्रांड जिओ की तरक्की हज़म नहीं हो रही ! कुछ अंधभक्त यह भी तर्क देते हैं कि अंबानी जी ने यह शादी विदेश के बजाय भारत में ही करके भारत का करोड़ों रुपया विदेश जाने से बचा लिया और इस शादी से भारतीय ठेकेदारों -- बैंड, डीजे, साउंड व इलेक्ट्रिसिटी, फूड एवं कैटरिंग सर्विसेज, उच्च दर्जे की परिवहन सेवा सभी को भी पैसा दिया, इससे संपत्ति का विकेंद्रीकरण हुआ, मानों इसे ही वे संपत्ति का पुनर्वितरण (री डिस्ट्रीब्यूशन ऑफ वेल्थ) समझ रहे हैं ! खैर यह बात अलग है कि शादी में आए मेहमानों को दिए गए महंगे - महंगे उपहार (रिटर्न गिफ्ट) विदेशी कंपनियों के थे और विदेशी कलाकारों को भी करोड़ों रुपए देकर बुलाया गया था।

अंत में मुझे याद है फरवरी 2004 में लखनऊ में आयोजित की गई सहारा परिवार की शादी, उस समय में लगभग 500 करोड़ की शादी ! राजा - महाराजाओं के युग के बाद इक्कीसवीं सदी की पहली ऐसी शाही शादी थी, देश - विदेश के दस हजार से अधिक वीवीआईपी लोगों को बुलाया गया था। यहां उल्लेखनीय बात यह थी कि बहुत सामान्य लोगों के परिश्रम के पैसों को चिटफंड से हड़पकर और उसका प्रदर्शन करके उन्हीं गरीबों का जो मज़ाक उड़ाया गया था आज सहारा परिवार का हश्र यह हुआ कि सहारा परिवार के मुखिया सुब्रतो रॉय के अंतिम समय में मुखाग्नि के लिए भी उसका एक भी बेटा तक नहीं आया ! बताया जा रहा है कि अंबानी जी के ऊपर भी विभिन्न बैंकों का लगभग 2500,00,00,000 रू यानि ढाई हजार करोड़ का कर्ज बकाया है।कर्ज लेकर घी पीना शास्त्रों में इसे ही विनाशकाले विपरीत बुद्धि कहा गया है।

# 7 करोड़ के घोटाले में फंसे आईएफएस अफसरों के मामले में फॉरेस्ट ने दी क्लीनचिट

## लोकायुक्त, ईओडब्ल्यू की जरूरत नहीं, वासू कनौजिया को चेतावनी देकर छोड़ा

**भोपाल।** | साढ़े सात करोड़ के घोटाले में फंसे 15 आईएफएस अफसरों का मामला फॉरेस्ट ने ही समाप्त कर दिया। भ्रष्टाचार में फंसे अफसरों को बचाने के लिए विभाग ने पहले तो इसे पेंडिंग रखा और बाद में अफसर के रिटायर होने पर समयावधि का हवाला देकर उन्हें क्लीनचिट दे दी। यानि लोकायुक्त, ईओडब्ल्यू की जरूरत ही नहीं पड़ी। यहां तक पिछले दस साल में एक भी आईपीएस, आईएफएस के विरुद्ध इन दोनों जांच एजेंसियों में इन अफसरों के विरुद्ध भ्रष्टाचार को लेकर कोई मामला दर्ज नहीं किया गया।

फील्ड में पदस्थ वनमंडलाधिकारियों डीएफओ द्वारा किए जाने वाले भ्रष्टाचार, राशि की हेरा-फेरी से सरकार को होने वाली करोड़ों के नुकसान में फंसे आईएफएस अफसरों को विभाग ही क्लीनचिट देकर ऐसे मामलों को समाप्त करने में लगा हुआ है। पिछले कुछ सालों में उमरिया जिले में हुए साढ़े सात करोड़ के घोटाले में 15 आईएफएस अफसर फंसे थे। इनमें से कई तो रिटायर भी हो गए, लेकिन रिटायरमेंट के बाद भी उनके मामले विभाग ने समाप्त कर दिए। इनमें प्रबंध संचालक यूनियन एवं डीएफओ रहीं वासू कनौजिया को तो भविष्य के लिए चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। वहीं आईएफएस देवांशु शेखर के खिलाफ 23 सितंबर 2021 को आरोप पत्र जारी कर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का प्रकरण तीन साल से चल रहा है।




### भ्रष्टाचार में फंसे आईएफएस अफसरों की स्थिति

- -डीएस कनेशः 29 जुलाई 2021 को आरोप पत्र जारी, डीई पूर्ण, मामला निर्णय लेने के लिए पेंडिंग।

-एमएस भगदियाः 2020 में रिटायर हुए, अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुमति दी गई। प्रकरण केंद्र को भेजा गया, लेकिन चार साल के भीतर कार्रवाई नहीं कर पाने की वजह से प्रकरण समाप्त किया।

-आरएस सिकरवारः 30 दिसंबर 2020 को आरोप पत्र दिया गया, 13 जुलाई 2021 को डीई प्रारंभ की गई। जांच पूर्ण हुई, मामला निर्णय लेने के लिए पेंडिंग।

-राकेश कुमार पाठकः भ्रष्टाचार में फंसे, अगस्त 2015 में रिटायर हुए, प्रकरण में चार साल से अधिक समय होने के कारण नस्तीबद्ध कर दिया गया।

-टीएस चतुर्वेदीः भ्रष्टाचार में फंसे, जुलाई 2018 में रिटायर हुए। चार साल गुजरने की वजह से अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई, विभाग ने मामला नस्तीबद्ध किया।

-आरपीएस बघेलः जुलाई 2018 में रिटायर हुए। प्रकरण क्रमांक 1383, मामला चार साल पुराना होने की वजह से अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का प्रस्ताव नस्तीबद्ध किया गया।

-एमएस लाडियाः दिसंबर 2016 में रिटायर हुए। अखिल भारतीय सेवा डीसीआरबी नियम-1958 के नियम-6 का उल्लेख करते हुए विभाग ने फरवरी 2023 में प्रकरण नस्तीबद्ध कर दिया। यानि 6 साल तक मामले को अफसरों ने लटकाए रखा।

-एसके शर्माः डीएफओ के पद पर वर्ष 2013 में पदस्थ रहे और 2023 में रिटायर हो गए। मामला 9 साल पुराना बताते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई और मामला नस्तीबद्ध कर दिया।

-अजय पाल सिंहः वर्ष 2014 में डीएफओ रहे, भ्रष्टाचार का मामला 8 साल पुराना बताते हुए इन्हें भी क्लीनचिट दे दी गई। जबकि ये फरवरी 2023 में रिटायर हुए।

-एएस तिवारीः वर्ष 2012 में डीएफओ रहे, 2023 में रिटायर हुए। इसलिए विभाग ने प्रकरण दस साल पुराना बताते हुए भ्रष्टाचार से जुड़े इस प्रकरण में तिवारी को क्लीनचिट दे दी।

-निजाम कुरैशीः भ्रष्टाचार में फंसे, 2012 में डीएफओ रहे। मामला चार साल पुराना बताते हुए प्रकरण नस्तीबद्ध किया।

### विभाग ने सालों प्रकरणों को लटकाए रखा

भ्रष्टाचार और घोटाले में फंसे आईएफएस अफसरों को बचाने के लिए विभाग ने आरोप पत्र तो जारी किए, लेकिन मामले को इतने ज्यादा दिन लटकाए रखा, जिसके चलते कई अफसर रिटायर हो गए और रिटायरमेंट के बाद भी 4 साल कुछ नहीं किया। बाद में प्रकरण नस्तीबद्ध कर समाप्त कर दिया। ये मामला विधायक आरिफ मसूद ने पिछले दिनों सदन में उठाया था।

### मिश्रा 1 दिन के डीएफओ रहे, इसलिए बचे

आईएफएस प्रदीप मिश्रा एक दिन के लिए उमरिया में जिला यूनियन के प्रबंध संचालक और डीएफओ रहे। इस कारण सरकार ने फरवरी 2023 में पर्याप्त आधार नहीं होने के कारण प्रदीप मिश्रा को क्लीनचिट दे दी। उधर, रिपुदमन सिंह भदौरिया 19 दिन डीएफओ उमरिया रहे, इस कारण विभाग ने माना कि इनके कार्यकाल में कोई वित्तीय अनियमितता नहीं हुई। इसलिए विचाराधीन प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाता है।

# एक पेड़ माँ के नाम एवं पौधरोपण अभियान आज

दतिया | कलेक्टर श्री संदीप कुमार माकिन ने जिले के सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आज 14 जुलाई को सभी एकत्र होकर चिन्हित किये गए स्थानों पर पौधारोपण किया जायेगा।

पौधरोपण कर वायुदूत एप पर पौधे के साथ फोटो अपलोड़ भी किये जायेंगे। एक पेड़ माँ के नाम एवं पौधरोपण अभियान के लिए कलेक्टर श्री माकिन द्वारा जिन स्थानों का चिन्हांकन कर संबंधित विभाग, संस्थाओं एवं समाजसेवियों द्वारा आज पौधरोपण किया जायेगा।




उनमें सिटी पार्क दतिया के लिए प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन, झांसी चुंगी पुल के नीचे रोटी क्लब दतिया, गर्ल्स कॉलेज दतिया के लिए नेहरू युवा केन्द्र एवं जन अभियान परिषद, सखी बाबा मुक्तिधाम के सामने मीरा परशुराम सेवा समिति दतिया (प्रबंधन) टोल प्लाजा दतिया (मैंटेनेंस), मेडीकल कॉलेज डीन मेडीकल कॉलेज दतिया, स्मृति वन दतिया हरित धरा सेवा समिति दतिया, रतन मेगा मॉल परिसर श्री अमित अग्रवाल, सखी बाबा के पास स्थित पहाड़ी मीरा परशुाम सेवा समिति दतिया, राजघाट कॉलोनी सिंचाई कार्यालय के पास मीरा परशुराम सेवा समिति दतिया, वेटनरी कॉलेज दतिया डीन वेटनरी कॉलेज दतिया, नवीन कलेक्ट्रेट परिसर फेस - 1 जिला पंचायत दतिया एवं आजीविका मिशन, नवीन कलेक्ट्रेट परिसर फेस - 2 वन मण्डलाध्किाारी दतिया, नवीन कलेक्ट्रेट परिसर फेस - 3 कृषि विभाग एवं उद्यानिकी विभाग दतिया, न्यू लॉ कॉलेज दतिया क्रीड़ा भारती एवं रामनाथ पब्लिक स्कूल, पुराना लॉ कॉलेज दतिया भारत विकास परिषद दतिया, एग्रो सॉल्वेन्ट पीताम्बरा पीठ परिसर दतिया प्रबंधक पीताम्बरा पीठ दतिया, जिला चिकित्सालय दतिया डायरेक्टर रावतपुरा कॉलेज दतिया, एक पट सरकार मंदिर परिसर के पास भारत विकास परिषद के नाम शामिल है।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव "भगवान जगन्नाथ रथ-यात्रा" में शामिल हुए

# रथ यात्रा ने पूरे ग्वालियर को जोड़ने का काम किया है – मुख्यमंत्री डॉ. यादव



ग्वालियर | मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ग्वालियर में "भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा" में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार की देर रात ग्वालियर के सराफा बाजार में पहुँचकर भगवान जगन्नाथ जी की आरती उतारी एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली के लिये प्रार्थना की। साथ ही स्वर्ण झाडू से भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के मार्ग की सफाई की। इसके पश्चात विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के साथ भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचकर आगे बढ़ाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्वालियर में आज श्रृद्धाभक्ति का सैलाब उमड़ा है। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा ने पूरे ग्वालियर को जोड़ने का काम किया है। सौभाग्य की बात है कि मुझे भी इस पुनीत अवसर का साक्षी होने का मौका मिला है। साथ ही कहा कि पूरी दुनिया में इस्कॉन द्वारा भारतीय सनातन संस्कृति एवं भगवान राम एवं श्रीकृष्ण के संदेश को जन-जन तक पहुँचाया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय कृष्णा भावनामृत (इस्कॉन) के तत्वावधान में शनिवार को ग्वालियर शहर में भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा निकली। रथ यात्रा में विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण भी शामिल हुए। साथ ही इस्कॉन के इंटरनेशनल चेयरमेन श्री गुरू प्रसाद स्वामी, मध्यप्रदेश के जोनल सेकेट्री महामना प्रभु, रीजनल सेकेट्री व प्राणेश्वर प्रभु सहित अन्य विशिष्टजन भी इस यात्रा में सहभागी बने।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा ने पूरे ग्वालियर शहर को जोड़ने का काम किया है। साथ ही समूचे शहर में भक्तिभाव का संचार किया है। उन्होंने कहा ग्वालियर की रथ यात्रा देखकर उड़ीसा की रथ यात्रा का आभास हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास जताया कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा ग्वालियर सहित सम्पूर्ण प्रदेश के लोगों के जीवन में खुशियों का संचार करेगी।

शनिवार को सनातन धर्म मार्ग स्थित जीवायएमसी मैदान से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शुरू हुई। यह यात्रा दाल बाजार, नया बाजार, लोहिया बाजार, ऊँट पुल, दौलतगंज, महाराज बाड़ा, सराफा, नई सड़क व हनुमान चौराहा होते हुए गोयल वाटिका पहुँची और यहीं पर यात्रा का समापन हुआ।

# प्रोजेक्ट में देरी के लिये जिम्मेदार ठेकेदारों व अधिकारियों की जवाबदेही तय हो – सांसद भारत सिंह कुशवाह

### मंत्री द्वय श्री कुशवाह व श्री तोमर की मौजूदगी एवं सांसद श्री भारत सिंह की अध्यक्षता में हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक




ग्वालियर | ग्वालियर शहर के सुनियोजित विकास के लिये मंजूर हुए सभी बड़े प्रोजेक्ट समय-सीमा में पूरे किए जाएँ। निर्माण एजेंसी (ठेकेदार) की ढ़िलाई की वजह से कार्यों में देरी होने पर संबंधित ठेकेदार पर पेनल्टी लगाई जाए। साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारियों की जवाबदेही भी तय हो। यह बात सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह और ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की विशेष मौजूदगी में आयोजित हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में कही।

सांसद एवं मंत्री द्वय ने विभागीय अधिकारियों से कार्यों को पूरा करने के लिये समयबद्ध कार्ययोजना मांगी है। विभागीय अधिकारियों से कहा गया कि कार्ययोजना में स्पष्ट उल्लेख हो कि किस माह में कितना कार्य किया जायेगा। सांसद श्री कुशवाह ने कहा कि वे हर शनिवार को विभागीय अधिकारियों के साथ शहर के बड़े प्रोजेक्ट का निरीक्षण करेंगे, जिससे भारत सरकार की मंशा के अनुरूप सभी प्रोजेक्ट समय-सीमा में व गुणवत्ता के साथ पूरे कराए जा सकें।

सांसद श्री कुशवाह की अध्यक्षता में आयोजित हुई इस बैठक में खासतौर पर भारत सरकार की योजनाओं के तहत ग्वालियर शहर में मंजूर हुए बड़े-बड़े विकास कार्यों एवं जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण अंचल में मूर्तरूप ले रहीं नल-जल योजनाओं की समीक्षा की गई। जिन विकास कार्यों की समीक्षा हुई उनमें एलीवेटेड रोड़, रेलवे स्टेशन का उन्नयनीकरण, चंबल पेयजल परियोजना, अमृत-2, प्रस्तावित वेस्टर्न बायपास, आगरा-ग्वालियर सिक्स लेन एक्सप्रेस-वे व ठाठीपुर पुनर्घनत्वीकरण योजना सहित अन्य विकास कार्य शामिल हैं।

# एमटीएनएल का काम खत्म! घाटे में चल रही टेलीकॉम कंपनी के ऑपरेशन बीएसएनएल को सौंपने की तैयारी, बड़ा अपडेट

नई दिल्ली | नरेंद्र मोदी सरकार सरकारी टेलीकॉम कंपनी एमटीएनएल का संचालन बीएसएनएल को सौंपने पर विचार कर रही है। एमटीएनएल दिल्ली और मुंबई में सेवाएं देती है। दो साल पहले सरकारी मदद के बावजूद एमटीएनएल को वित्तीय समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लिहाजा, सरकार यह कदम उठाने को मजबूर हुई है। सूत्रों के हवाले से टाइम्स ऑफ इंडिया (TOI) ने यह जानकारी दी है।

सूत्रों के अनुसार, पहले सचिवों की समिति (CoS) इस प्रस्ताव पर विचार करेगी। फिर इसे कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। एक सूत्र ने बताया, 'दोनों कंपनियों का विलय नहीं हो रहा है, इसलिए एमटीएनएल को शेयर बाजार से हटाने की जरूरत नहीं है। विलय की स्थिति में एमटीएनएल को शेयर बाजार से हटाना




पड़ता और कुछ शेयर वापस खरीदने पड़ते। अब ऐसा नहीं होगा क्योंकि यह केवल संचालन का हस्तांतरण है।'

इंडस्ट्री की ग्रोथ का MTNL नहीं उठा पाई फायदा - एमटीएनएल का प्रदर्शन खराब होने के बावजूद कंपनी के शेयरों पर इसका कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा है। भारी नुकसान और ग्राहकों की संख्या में कमी के बावजूद BSE पर पिछले एक साल में एमटीएनएल के शेयर 139% चढ़े हैं। 12 जुलाई 2014 को यह 19.4 रुपये था जो अब 46.3 रुपये पर है।

पिछले एक दशक में दूरसंचार उद्योग में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। लेकिन, एमटीएनएल इसका फायदा नहीं उठा सका। इसकी बाजार हिस्सेदारी और व्यापार पर पकड़ कमजोर हुई है। बीएसएनएल के साथ भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला है।

इस साल अप्रैल के अंत में ब्रॉडबैंड सहित वायरलाइन कारोबार में एमटीएनएल की हिस्सेदारी घटकर 6% रह गई, जो अप्रैल 2014 में 12.5% थी। वहीं, मोबाइल कारोबार में कंपनी की हिस्सेदारी घटकर लगभग 0.2% रह गई है, जो एक दशक पहले लगभग 0.4% थी।

MTNL के शेयरों पर पड़ सकता है असर - बीएसएनएल को रोजाना के ऑपरेशन सौंपने के प्रस्ताव का असर एमटीएनएल के शेयरों पर पड़ सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि एमटीएनएल के पास संपत्ति के रूप में केवल जमीन और इमारतें ही बचेंगी। दूरसंचार विभाग (DoT) दोनों कंपनियों के बीच एकीकरण की जल्दी में है। दोनों कंपनियां संघर्ष कर रही हैं। उनके पुनरुद्धार की कोई उम्मीद नहीं दिख रही है।

31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए एमटीएनएल का घाटा बढ़कर 3,303 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले 2,911 करोड़ रुपये था। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2023-24 में परिचालन से वार्षिक राजस्व भी 15% घटकर 728 करोड़ रुपये रह गया, जो वित्त वर्ष 2023 में 862 करोड़ रुपये था।

वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में एमटीएनएल का बकाया कर्ज बढ़कर 25,795 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले 23,500 करोड़ रुपये था। कंपनी के बकाया कर्ज में 3,569 करोड़ रुपये का अल्पकालिक उधार और गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर शामिल नहीं है। इसके लिए ब्याज और मूलधन का भुगतान करने की देनदारी सरकार पर है।

# फार्मा-एनर्जी और मिडकैप स्टॉक्स में तेजी से शेयर बाजार का जोश हाई, बीएसई मार्केट कैप 455 लाख करोड़ के पार बंद

**कारोबार में ओएनजीसी, गेल, एनटीपीसी जैसे स्टॉक्स में खरीदारी के चलते निफ्टी के एनर्जी इंडेक्स में शानदार तेजी देखने को मिली है.**



मुंबई | हफ्ते का पहला कारोबारी सत्र भारतीय शेयर बाजार के लिए ऐतिहासिक रहा. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी पहली बार 24,600 के आंकड़े को पार करते हुए 24,635 के आंकड़े तक जा पहुंचा तो मिडकैप स्टॉक में खरीदारी के चलते निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स भई लाइफटाइम को छूने में कामयाब रहा. आज बाजार में फार्मा और एनर्जी शेयरों में खरीदारी देखने को मिली. बाजार बंद होने पर बीएसई सेंसेक्स 145.32 अंकों के उचाल के साथ 80,655 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 81.75 अंकों के उछाल के साथ 24,584 अंकों पर बंद हुआ है.

**बाजार का मार्केट कैप ऐतिहासिक हाई पर** - भारतीय शेयर बाजार में शानदार तेजी के चलते बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप 455 लाख करोड़ को पार करते हुए 455.12 लाख करोड़ रुपये के ऐतिहासिक हाई पर जा पहुंचा जो पिछले का कारोबारी सत्र में 452.38 लाख करोड़ रुपये रहा था. यानि आज के सत्र में निवेशकों की संपत्ति में 2.74 लाख करोड़ रुपये का उछाल देखने को मिला है.

**चढ़ने - गिरने वाले शेयर्स** - आज के ट्रेड में एसबीआई 2.55 फीसदी, एनटीपीसी 2.23 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 1.98 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.96 फीसदी, बजाज फाइनेंस 0.82 फीसदी, टाटा मोटर्स 0.78 फीसदी, मारुति सुजुकी 0.68 फीसदी, इंडसइंड बैंक 0.67 फीसदी, आईटीसी 0.65 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक 0.49 फीसदी के उछाल के साथ बंद हुआ है. जबकि एशियन पेंट्स 1.44 फीसदी, टाटा स्टील 1.13 फीसदी, एक्सिस बैंक 0.76 फीसदी, टेक महिंद्रा 0.43 फीसदी, टीसीएस 0.40 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ.

**सेक्टरोल अपडेट** - आज के कारोबार में फार्मा, एनर्जी, ऑटो, बैंकिंग, मेटल्स, ऑयल एंड गैस, हेल्थकेयर, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स जैसे सेक्टर के स्टॉक्स में खरीदारी देखने को मिली है केवल आईटी स्टॉक्स का इँडेक्स गिरकर बंद हुआ है. आज के कारोबार में मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स का जोश हाई नजर आया. म

डिकैप इंडेक्स फिर लाइफटाइम हाई को छूने में कामयाब रहा. सेंसेक्स के 30 शेयरों में 18 तेजी के साथ और 12 गिरकर बंद हुए. बीएसई डेटा के मुताबिक 4168 शेयरों में 2038 तेजी के साथ और 2003 गिरकर बंद हुए.

# उच्चतम न्यायालय ने अदाणी समूह पर अपने फैसले की समीक्षा से किया इनकार



नयी दिल्ली | उच्चतम न्यायालय ने अदाणी समूह पर शेयरों की कीमतों में हेराफेरी के संबंध में लगे आरोपों की जांच का जिम्मा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या विशेष जांच दल को सौंपने से इनकार करने के अपने तीन जनवरी के फैसले की समीक्षा का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज कर दी है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने तीन जनवरी के फैसले के खिलाफ जनहित याचिका दायर करने वालों में शामिल अनामिका जायसवाल की तरफ से दायर समीक्षा याचिका को खारिज कर दिया।

पीठ ने पांच मई के अपने आदेश में कहा, ''समीक्षा याचिका पर गौर करने के बाद रिकॉर्ड में कोई त्रुटि नहीं दिखाई देती है। उच्चतम न्यायालय नियम 2013 के आदेश 47 नियम एक के तहत समीक्षा का कोई मामला नहीं बनता है। लिहाजा समीक्षा याचिका खारिज की जाती है।'' इस याचिका पर न्यायाधीशों ने चैंबर में विचार किया।

इसके पहले इस साल तीन जनवरी को शीर्ष अदालत ने शेयर कीमतों में हेराफेरी के आरोपों की सीबीआई या एसआईटी से जांच कराने का आदेश देने से इनकार कर दिया था।

उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) आरोपों की 'व्यापक जांच' कर रहा है और इसका आचरण 'भरोसा जगाता है।'

समीक्षा याचिका में दावा किया गया था कि इस फैसले में 'गलतियां और त्रुटियां' थीं, और याचिकाकर्ता के वकील को हासिल कुछ नई सामग्री के आलोक में फैसले की समीक्षा के लिए पर्याप्त कारण थे।

याचिका में कहा गया था कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में न्यायालय को केवल आरोपों के बाद की गई 24 जांच की स्थिति के बारे में सूचित किया था लेकिन उसने इनके पूरा होने या अधूरे होने के बारे में कोई जानकारी नहीं दी थी।

उच्चतम न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि बाजार नियामक ने अदाणी समूह पर लगे 24 आरोपों में से 22 मामलों में अपनी जांच पूरी कर ली है।

न्यायालय का तीन जनवरी का फैसला जनवरी, 2023 में हिंडनबर्ग रिसर्च की तरफ से अदाणी समूह पर लगाए गए गंभीर आरोपों के संदर्भ में आया था। हिंडनबर्ग रिसर्च की तरफ से धोखाधड़ी वाले लेनदेन और शेयर कीमतों में हेराफेरी सहित कई आरोप लगाए जाने के बाद अदाणी समूह के शेयरों में भारी गिरावट आई थी।

हालांकि, अदाणी समूह ने इन आरोपों को गलत बताते हुए खारिज कर दिया था। उसने कहा था कि वह सभी कानूनों और जरूरी सूचनाओं को साझा करने के प्रावधानों का अनुपालन करता है।

# प्याज की महंगाई जून में पहुंची 93% के पार, खाद्य वस्तुओं की कीमतों ने फिर किया आम लोगों को बेहाल

**प्याज के दाम फिर से लोगों के आंखों से आंसू निकाल रहा है. बारिश के चलते डिमांड और सप्लाई में खाई बढती जा रही है**




मुंबई | खुदरा महंगाई दर के बाद थोक मुल्य आधारित महंगाई दर में भी जोरदार उछाल देखने को मिला है. जून 2024 में होलसेल महंगाई दर 3.36 फीसदी रही है जो कि मई में 2.61 फीसदी रही थी. इससे पहले 12 जुलाई, 2024 को खुदरा महंगाई दर के आंकड़े घोषित हुए थे जिसमें जून महीने में खुदरा महंगाई फिर से 5 फीसदी को पार करते हुए 5.08 फीसदी पर जा पहुंची है. खुदरा महंगाई में भी बढ़ोतरी की बड़ी वजह खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर में उछाल है जो जून में 9.36 फीसदी रही है जबकि जून 2023 में खाद्य महंगाई दर 4.31 फीसदी रही थी.

टमाटर 100 रु/किलो में - गेहूं और चावल की महंगाई तो पहले से ही लोगों को सता रही थी. लेकिन देश के कई राज्यों में हो रहे मूसलाधार बारिश के चलते सब्जियों की कीमतों में जोरदार बढ़ोतरी देखी जा रही है. खुदरा बाजार में टमाटर की कीमतों ने लोगों को लाल कर दिया है जो 100 रुपये किलो में मिल रहा था. पिछले साल 2023 में भी टमाटर की कीमतों में ऐसे ही बढ़ोतरी देखने को मिली है.

प्याज की महंगाई दर 100 फीसदी के करीब - पर आज जो थोक महंगाई दर के आंकड़े घोषित हुए हैं उसमें प्याज की महंगाई दर जून महीने में 90 फीसदी के पार 93.55 फीसदी पर जा पहुंची है जो मई में 58.05 फीसदी रही थी. जून के महीने में प्याज की कीमतों में भारी इजाफा देखने को मिला है जो प्याज के खरीदारों के आंखों से आंसू निकाल रहा है. खुदरा बाजार में प्याज 50 से 60 रुपये प्रति किलो में मिल रहा है.

सब्जियों की महंगाई दर में उछाल - थोक महंगाई दर के आंकड़े जो घोषित हुए हैं उसमें सब्जियों की महंगाई दर 38.76 फीसदी रही है जो कि मई में 32.42 फीसदी थी. आलू की महंगाई दर में इजाफा देखने को मिला है और ये 66.37 फीसदी जून महीने में रही है जो कि मई में 64.05 फीसदी रही थी. गेहूं की महंगाई दर में भी इजाफा देखने को मिला है और ये मई के 6 फीसदी के मुकाबले जून में 6.25 फीसदी रही है. दालों की महंगाई दर करीब फ्लैट है. मई में 21.95 फीसदी के मुकाबले जून में 21.64 फीसदी रही है. हालांकि अरहर दाल की महंगाई से अब तक लोगों को राहत नहीं मिल पाई है. धान की महंगाई दर जून में 12.07 फीसदी रही है जो कि मई में 11.79 फीसदी रही थी.

सस्ते कर्ज की फिलहाल उम्मीद नहीं! - इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि खाद्य वस्तुओं की महंगाई ने आम लोगों की जेब पर डाका डाला हुआ है. खाद्य महंगाई के चलते खुदरा महंगाई दर फिर से 5 फीसदी के पार जा पहुंची है. जबकि आरबीआई ने 4 फीसदी तक लाने का लक्ष्य रखा हुआ है. ऐसा फिलहाल होता दिख नहीं रहा है. खाद्य महंगाई दर में बढ़ोतरी ने आरबीआई के माथे की चिंता की लकीरों को बढ़ा दिया है.

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)